एक नजर में

मनोज पटेल जिला सहसचिव मनोनित

पानसेमल। जलगोन निवासी मनोज पटेल को सकल गुर्जर समाज महासभा मध्य प्रदेश बड़वानी जिले में सह सचिव के रूप में मनोनित किया गया है। निमाड़ संभाग अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह मंडलोई एवं बड़वानी जिलाध्यक्ष संजय बी पटेल ने उन्हें बधाई देते हुए समाजिक संगठन को सुदृड़ करने, समाज विकास, शैक्षणिक विकास, समाज को नई दिशा देने सहित सामाजिक कुरुतियों को दूर करने एवं समाज की शाखाओं को एक साथ लाने में आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की है। इस दौरान भाजपा अजा मोर्चा जलगोन मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष मनोहर कोली, रामगढ़ वाले बाबा मित्र मंडल पदाधिकारी लाला जोशी, मंडल के सभी सदस्य, ब्लॉक युवा कांग्रेस मीडिया सेल प्रभारी किशन जगताप, सुरेश पाटिल, योगेश माली, राकेश जगदाले, वासु सूर्यवंशी, नवनीत पाटिल, आदेश मित्र मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

यूनिसेफ सलाहकार त्रिपाठी ने किया अवलोकन

बड़वानी। राज्य शिक्षा केंद्र से यूनिसेफ सलाहकार अश्विनी त्रिपाठी ने जिले की शालाओं का आकस्मिक अवलोकन किया। उन्होंने प्री प्राइमरी और उमंग जीवन कौशल (हैल्थ फॉर वेलनेस) प्रोग्राम की संचालन स्थिति का जायजा लिया। अवलोकन के दौरान श्री त्रिपाठी द्वारा विकासखंड की सांदीपनी स्कूल तलवाड़ा, एकीकृत मावि बड़गांव और पीएम श्री स्कूल हायर सेकेंडरी क्रमांक 3 की शालाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही दोपहर बाद जिले के सर्व शिक्षा अभियान के अधिकारियों से मिलकर संचालन की स्थिति पर मार्गदर्शन दिया। इसके बाद केजीबीबी निवाली का अवलोकन कर बच्चों का कॅरियर मार्गदर्शन दिया।

कमलेश महारु माली निर्विरोध अध्यक्ष बने

पानसेमल। ग्राम जलगोन के माली समाज संगठन अध्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। समिति में 11 पदाधिकारी नियुक्त हुए। जिसके बाद सर्वसम्मति से निर्विरोध कमलेश महारु माली अध्यक्ष चुने गए। समिति के उपाध्यक्ष कैलाश चिमन माली, श्यामू सुखलाल माली, कोषाध्यक्ष राधेश्याम माली, सचिव दामू देवचंद माली, संगठन मंत्री किशोर मोतीराम माली, मंत्री अरुण दगा माली, सह सचिव सतीश रामदास माली को नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान समाज के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष भगवान देवचंद माली, नामदेव सुखलाल माली, रामदास नानका माली, राजू दंगल माली सहित वरिष्ठ समाजजनों के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुआ।

कृषि उपज मंडी समिति चला रहे प्रशासक, अटके चुनाव

बड़वानी, (नवभारत)।
लोकतांत्रिक संस्थाओं में समय पर चुनाव कराना सुशासन की आधारशिला माने जाते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियां वर्षों से निर्वाचित नेतृत्व से वंचित हैं। बड़वानी जिले की पांचों मंडियों सहित प्रदेश की 259 कृषि उपज मंडी समितियों में अध्यक्ष और सदस्यों के चुनाव एक दशक से नहीं हो सके हैं। परिणामस्वरूप मंडियों का संचालन प्रशासकों के माध्यम से किया जा रहा है।

बड़वानी कृषि उपज मंडी में वर्ष 2012 में अंतिम बार अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। कार्यकाल समाप्त होने के बाद से अब तक नई समिति का गठन नहीं हो सका है। सूत्र बताते हैं पूर्व में चुनाव की तैयारी के तहत मतदाता सूचियां भी बनाई गई थी, लेकिन प्रक्रिया बीच में ही रोक दी गई। किसानों का कहना है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के अभाव में मंडियों की व्यवस्था, विकास कार्यों सहित किसानों से जुड़े निर्णयों पर अपेक्षित गति नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में कई मंडियों का कार्यकाल एक दशक से भी पहले समाप्त हो चुका है, फिर भी चुनाव प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है।

कांग्रेस ने सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस जिलाध्यक्ष नानेश चौधरी ने आरोप लगाया कि वर्ष 2013 के बाद मंडी व 2014 के बाद सहकारिता संस्थाओं के चुनाव नहीं कराए गए। चुनाव कराने की घोषणा के बावजूद प्रक्रिया में लगातार देरी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सहकारिता क्षेत्र को कमजोर कर निजी कंपनियों को बढ़ावा देने की नीति अपना रही है। लोकतांत्रिक संस्थाओं में निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति से किसानों और सहकारिता व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं।

हार के डर से चुनाव नहीं

पूर्व गृह मंत्री एवं राजपुर विधायक बाला बच्चन ने आरोप लगाया कि सरकार हार की आशंका के कारण लोकतांत्रिक संस्थाओं के चुनाव नहीं करा रही है। मंडियां और सहकारी संस्थाएं बिना निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रही हैं। जहां पंचायत और जनपद चुनाव हुए हैं, वहां भी विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इससे स्थानीय संस्थाओं की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है।

मंडी समितियों के चुनाव शीघ्र संपन्न कराएंगे

पानसेमल विधायक श्याम बर्डे ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए मंडी समिति और सहकारी संस्थाओं के चुनाव समय पर होना आवश्यक है। मंडी चुनाव राज्य स्तर का विषय होने के कारण प्रक्रिया में विलंब हुआ होगा, लेकिन प्रदेश सरकार चुनाव कराने के पक्ष में है। वे मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री से चर्चा करेंगे तथा चुनाव में आ रही बाधाओं की जानकारी लेंगे। उनका विश्वास है कि सरकार सकारात्मक निर्णय लेकर मंडी समितियों के चुनाव शीघ्र संपन्न कराएगी।

हर पांच साल में चुनाव का प्रावधान

मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के अनुसार मंडी समितियों का कार्यकाल पांच वर्ष का निर्धारित है। समिति में किसानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापारी, स्थानीय निकाय प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और विधायक सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। इसके बावजूद प्रदेश की सभी 259 मंडियों में लंबे समय से चुनाव नहीं हुए हैं। कई मंडियों में समिति का कार्यकाल डेढ़ दशक पहले समाप्त हो चुका है। विधानसभा में भी इस विषय पर चर्चा में सरकार ने चुनाव प्रक्रिया को लंबित बताया था, लेकिन अब तक चुनाव कराने की दिशा में ठोस पहल सामने नहीं आई है।

पूर्व मंडी अध्यक्ष बोले जल्द हो चुनाव

बड़वानी कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष ओम भावसार ने बताया कि वे वर्ष 2012 में निर्वाचित हुए थे। कार्यकाल समाप्त होने के बाद करीब नौ वर्षों से मंडी चुनाव नहीं कराए गए हैं। वर्तमान में एसडीएम प्रशासक के रूप में मंडी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

उनका कहना है कि मंडी किसानों की प्रतिनिधि संस्था है और यहां निर्वाचित नेतृत्व होना आवश्यक है। समय पर चुनाव होने से किसानों की समस्याओं का बेहतर समाधान और मंडी विकास कार्यों में तेजी आ सकेगी।

जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 अगस्त को

बड़वानी। अभियान के अंतर्गत 3 अगस्त को शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत गायन, नृत्य, स्लोगन लेखन, स्लैम पोएट्री, रील मेकिंग, भाषण, चित्रकला एवं वाद-विवाद का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक विधा के जिला विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागी को 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर नई दिल्ली स्थित लाल किले में प्रधानमंत्री का भाषण प्रत्यक्ष सुनने का विशेष अवसर प्राप्त होगा। इच्छुक युवा भाग लेने के लिए सीधे जिला युवा अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दीपक यादव, जिला युवा अधिकारी, माई भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), बड़वानी, सम्पर्क नंबर- 7976398017 और मंगल जाखड़, राज्य निदेशक, माई भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), मध्य प्रदेश से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवाली में उल्टी, दस्त और बुखार के बढ़ रहे मामले

निवाली, (नवभारत)।
नगर में उल्टी, दस्त, सर्दी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने के बाद नगर परिषद ने बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

मरीज शासकीय अस्पताल एवं निजी दवाखानों में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। स्थिति को देखते हुए नप द्वारा गुरुवार शाम को नगर के सभी वार्डों में फॉगिंग मशीन चलाकर धुंआ किया गया।

सीएमओ आरएस सोलंकी एवं राजस्व उप निरीक्षक केतराम ब्राम्हण के निर्देश पर यह कार्रवाई की। सीएमओ सोलंकी ने बताया कि जो स्थान छूट गए हैं, वहां भी जल्द ही फॉगिंग मशीन से धुंआ कराया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे, पानी को ढककर रखे और बुखार, उल्टी-दस्त के लक्षण पर अस्पताल में सम्पर्क करें।

रलावती तालाब ओवरफ्लो, कई गांवों में घुसा पानी

सेंधवा, (नवभारत)।
ब्लॉक और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दो घंटे की मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। बलवाड़ी और धनोरा में घरों में पानी घुस गया, पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई व जिलेभर में एक दिन में 741.6 किमी वर्षा दर्ज की गई। वरला में सर्वाधिक 161 मिलीमीटर बारिश हुई।

गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए और क्षेत्र का सबसे बड़ा रलावती तालाब क्षमता से अधिक भरकर ओवरफ्लो होने लगा। कई गांवों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बलवाड़ी में अरुणावती नदी की बाढ़ से पुरानी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद हो गया। हालांकि दूसरे पुल से आवाजाही जारी है। बलवाड़ी के वल्लभनगर में भी 10 से 12 घरों में पानी घुसने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा।

वहीं धनोरा गांव में नाले में आई बाढ़ के कारण 10 से 12 घरों में पानी घुस गया। इससे घरेलू सामान भीग गया और एक मकान की दीवार गिर गई। बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य जनजीवन भी प्रभावित रहा।

भू-अभिलेख एवं राहत शाखा द्वारा जारी 31 जुलाई 2026 की दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले में एक दिन में 741.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान जिले की औसत वर्षा 74.2 मिलीमीटर रही।

तहसीलवार बारिश के आंकड़े

तहसीलवार वर्षा के अनुसार वरला में सर्वाधिक 161 मिमी बारिश हुई। चिचरियापाटी में 113 मिमी, ठीकरी में 105 .2 मिमी, सेंधवा में 87 मिमी, निवाली में 77 .4 मिमी, और राजपुर में 74 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अंजड़ में 55 मिमी, पानसेमल में 30 .6 मिमी, बड़वानी में 26 .4 मिमी तथा पाटी में 12 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

किसान आंदोलन के लिए परमिशन नहीं, एकजुटता जरूरी : टिकेत

पहली बार आदिवासी अंचल पेटलावद पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत

पेटलावद। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत शुक्रवार को पहली बार आदिवासी अंचल पेटलावद पहुंचे। उनके साथ राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के कई किसान नेता भी मौजूद रहे।

टिकैत ने किसानों को संगठित रहने का संदेश देते हुए कहा कि अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए किसी प्रकार की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात मजबूती से रखनी चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए टिकैत ने कहा कि किसान पंचायतों के लिए प्रशासन से अनुमति लेने की परंपरा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हर कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगी जाएगी तो कभी पुलिस, कभी फायर एनओसी और कभी अन्य कारणों से कार्यक्रम निरस्त किए जा सकते हैं। इसलिए किसान अपनी पंचायतें तय स्थान पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित करें और प्रशासन को केवल सूचना दें।

आदिवासी क्षेत्र को बताया संघर्ष की धरती: राकेश टिकैत ने कहा कि झाबुआ-पेटलावद का क्षेत्र आदिवासी भील समाज और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की भूमि है। उन्होंने कहा कि जब सीमित संसाधनों के बावजूद आदिवासी समाज ने अपने अधिकारों के लिए लड़ाई जीत ली थी, तो आज किसानों को भी डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने किसानों से संगठित होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आगे आने का आह्वान किया।

फोरलेन प्रभावित किसानों के लिए उठाई आवाज

राकेश टिकैत ने फोरलेन परियोजना से प्रभावित किसानों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की जमीन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें सरकार उचित और न्यायसंगत मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। सभा के दौरान राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला स्तर के किसान नेताओं ने भी किसानों की विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेंद्र हामड, जिला महामंत्री जितेंद्र पाटीदार, तहसील अध्यक्ष ईश्वरलाल पाटीदार, प्रेम भूरिया, हरिराम सेप्टा, बलराम पाटीदार सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यक्रम में मौजूद रहे।

तारक मेहता कार्यक्रम के 18 वर्ष पूरे होने का मनाया जश्न

इंदौर भारतीय टेलीविजन का सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाला सिटकॉम और देश के सबसे लोकप्रिय पारिवारिक मनोरंजन कार्यक्रमों में से एक तारक मेहता का उल्टा चश्मा 18 गौरवशाली वर्ष पूरे कर रहा है. इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए सोनी सब और नीला फिल्म प्रोडक्शंस ने 18 दिनों के विशेष उत्सव की घोषणा की है. इस दौरान दर्शकों को शो से और करीब लाने के लिए कई विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रशंसकों के लिए खास अनुभव, देशव्यापी फैमिली कॉन्टेस्ट और विशेष संस्करण (स्पेशल एडिशन) मर्चेंडाइज़ शामिल हैं. 18वीं वर्षगांठ समारोह के अंतर्गत 28 जुलाई को जन्मदिन मनाने वाले 40 प्रशंसकों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा.

गजानंद महाराज का सोलसी कार्यक्रम आयोजित

आलीराजपुर। महामंडलेश्वर श्री 1008 स्वामी नरसिंहानंदजी महाराज (बापूजी) के परम शिष्य प.पु. अनंत विभूषितमहामंडलेश्वर श्री 1008 स्वामी श्री गजानंदजी महाराज (गणपत महाराज) का सोलसी कार्यक्रम सनातन सेवा आश्रम, समाधि स्थल, रामदेव वाटिका, दाहोद रोड पर हुआ।

मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि सुबह 9 बजे हवन (यज्ञ) से सोलसी कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुबह 10 बजे श्रद्धांजली कार्यक्रम रखा गया। 12 बजे पूर्णाहूति हुई एवं इसके बाद सोलसी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। दोपहर 1 बजे से भोजन प्रसादी कार्यक्रम शुरू हुआ, जो शाम को 4 बजे तक चला। हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। समस्त कार्यक्रम में बाहर से आये संत समाज ने एवं नगर के संत समाज ने सहभागिता की एवं अपने उद्बोधन में गजानंद महाराज के व्यक्तित्व पर व उनके सेवा कार्य पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं श्रद्धांजली अर्पित की। श्रद्धांजली कार्यक्रम में क्षैत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, भाजपा नेता गोविन्दा गुप्ता, रितेश डावर और संतोष थेपड़िया भी श्रद्धांजली व पुष्पांजली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। केबिनेट मंत्री नागरसिंह चोहान ने श्रद्धांजली देते हुए कहा कि गजानंदजी महाराज ने अपने पूरे जीवन सनातन सेवा आश्रम में सेवा देते हुए करते व्यतीत किया। कुंभ मेले से लेकर, रामदेवजी मंदिर के मेले तक एवं मन्दिर व आश्रम की हर गतिविधि में अपना पूरा समय सेवा कार्य में देते थे। उन्हें किसी भी चीज का मोह नही था। मैं रामदेव मन्दिर से जन्म से जुड़ा हूँ।

सनातन सेवा आश्रम प्रतिदिन लोगों को आवास सुविधा के साथ चाय व भोजन निशुल्क सेवा करता है। सैंकड़ों नगर के लोग और विभिन्न राज्यों के लोग आज मन्दिर से जुड़े हुए है, जिनका की सनातन सेवा आश्रम पूरा आतिथ्य करता है। हर पूर्णिमा को भंडारा होता हैं।

युवाओं को उद्यमी बनने के लिए किया कार्यक्रम

इंदौर. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'सेल्फ एम्प्लॉयमेंट एंड माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट' विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई. विशेषज्ञों ने युवाओं से नौकरी के बजाय स्वरोजगार और स्टार्टअप को करियर का बेहतर विकल्प अपनाकर रोजगार सृजक बनने का आह्वान किया.

प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उद्यमिता की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि मुख्य अतिथि डॉ. किरणबाला सालूजा ने नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप युवाओं को नवाचार और उद्यमिता से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. कार्यशाला में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक स्वप्निल गर्ग, बैंक ऑफ इंडिया के एलडीएम आशीष कटियार, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष राजेश मिश्रा सहित विशेषज्ञों ने स्टार्टअप, व्यवसाय योजना, बैंक ऋण, सरकारी योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल मार्केटिंग पर मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम में प्रस्तुत तीन स्टार्टअप प्रपोजल चयनित किए गए, जिन्हें आगे मेंटरशिप और व्यवसाय स्थापना में सहयोग देने का आश्वासन दिया गया. कार्यशाला में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए.

एक नजर में | ग्रीन आर्मी ने वन विभाग के सहयोग से संरक्षण का भी लिया संकल्प

गुरु पूर्णिमा पर देवगुराड़िया पहाड़ी पर एक हजार पौधे रोपे

नवभारत न्यूज़

इंदौर. गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ग्रीन आर्मी ने वन विभाग के सहयोग से देवगुराड़िया पहाड़ी पर एक हजार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. अभियान की विशेषता यह रही कि प्रत्येक पौधे के लिए स्थायी जल व्यवस्था की गई है तथा स्वयंसेवियों ने पौधों के वृक्ष बनने तक नियमित सिंचाई, निंदाई-गुड़ाई और देखभाल का संकल्प लिया.

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु वंदना, वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन से हुई. पर्यावरण प्रेमियों ने अपने गुरुजनों, माता-पिता और परिजनों के नाम पर पौधे लगाए.

मुख्य अतिथि पूर्व संभागायुक्त डॉ. अशोक कुमार भार्गव ने कहा, अब मौसम भी बेघर होने लगे हैं. वृक्षारोपण भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है. मुख्य वन संरक्षक पी.एन. मिश्रा और वनमंडलाधिकारी लाल सुधाकर सिंह ने विश्व बाघ दिवस के अवसर पर वन एवं जैव विविधता संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का आह्वान किया.

स्वयंसेवी नियमित देखभाल करेंगे

ग्रीन आर्मी के समरजीत सिंह जाधवराव ने बताया कि जनसहयोग से पौधों के संरक्षण की स्थायी व्यवस्था बनाई गई है और स्वयंसेवी अगले एक वर्ष तक उनकी नियमित देखभाल करेंगे. अभियान में विभिन्न सामाजिक संगठनों और इंदौर, देवास व महू के स्वयंसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही.

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक टॉप 10 कंपनियों में शामिल

इंदौर . भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंकों में से एक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसबीएफ) ने घोषणा की है कि उसने काम करने के लिए भारत की 100 सर्वश्रेष्ठ कंपनियों की 2026 (इंडियाज़ बेस्ट कंपनीज़ टू वर्क फॉर 2026) की सूची में 8वाँ स्थान हासिल किया है. यह उपलब्धि बैंक की पिछली रैंकिंग से एक बड़ी छलांग है और देश में काम करने के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक के तौर पर इसकी स्थिति को और मजबूत करती है. इस उपलब्धि के अलावा, उज्जीवन एसएफबी को बीएफएसआई 2026 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों की टॉप 25 और स्वास्थ्य और कल्याण 2026 में भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों की टॉप 10 सूची में भी शामिल किया गया है. उज्जीवन एसएफबी में ह्यूमन रिसोर्स की हेड सुश्री चंद्रलेखा चौधरी ने कहा काम करने के लिए भारत की सबसे अच्छी कंपनियों में शामिल होना हमारे लिए बहुत विशेष है।